**बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कम्पनी लिमिटेड**
**Bihar State Power (Holding) Company Limited**
(निबंधित कार्यालय : प्रथम तल, विद्युत भवन, बेली रोड, पटना)
(Regd. office: 1st Floor Vidyut Bhawan, Bailey Road, Patna)
TIN VAT No.-10011255025 CIN-U40102BR2012SGC018495
website: www.bsphcl.bih.nin.in
**Department of General Administration**

पत्रांक ———————————/ दिनांक———————————/
H-I/Misc-5549/2019

प्रेषक,

**बिनय कुमार,**
अवर सचिव

सेवा में,

सभी महाप्रबंधक–सह–मुख्य अभियन्ता/
सभी उपमहाप्रबंधक–सह–विद्युत अधीक्षण अभियन्ता/सभी विद्युत अधीक्षण अभियंता/
सभी अधीक्षण अभियंता (असैनिक)/सभी विद्युत कार्यपालक अभियन्ता/
सभी कार्यपालक अभियन्ता (असैनिक),
**साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड**
**नार्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड**
**बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड**
**बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कम्पनी लिमिटेड**

विषय :– **नशा मुक्ति दिवस 26 नवम्बर 2021 के अवसर पर सभी कर्मियों को मद्यनिषेध का शपथ दिलाने के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार, उपर्युक्त विषय के संदर्भ में मुख्य सचिव, बिहार सरकार से प्राप्त पत्रांक 6663 दिनांक 22.11.2021 एवं अपर मुख्य सचिव, मद्यनिषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, बिहार से प्राप्त पत्रांक 6679 दिनांक 22.11.2021 की प्रति संलग्न करते हुए अनुरोध है कि उक्त पत्रों में वर्णित निदेशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाय।

अनु0–तथैव।

विश्वासभाजन,
25/11/2021
(बिनय कुमार)
अवर सचिव

ज्ञापांक 691/ दिनांक 25/11/21/

प्रतिलिपिः– महाप्रबंधक (मा0सं0/प्रशा0), बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड/बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड/नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड/साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

25/11/2021
(बिनय कुमार)
अवर सचिव

ज्ञापांक 691/ दिनांक 25/11/21/

प्रतिलिपिः सभी डी0बी0ए0, बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कम्पनी लिमिटेड एवं इसकी अनुषंगी कम्पनी से अनुरोध है कि उक्त पत्र यथाशीघ्र कम्पनी के वेबसाईट पर अपलोड करने की कृपा करें।

25/11/2021
(बिनय कुमार)
अवर सचिव

त्रिपुरारि शरण भा०प्र०से०
मुख्य सचिव
TRIPURARI SHARAN, I.A.S
Chief Secretary

बिहार सरकार
मुख्य सचिवालय, पटना-800 015
Government of Bihar
Main Secretariat, Patna-800 015
Tel.: 0612-2215804, Fax: 0612-2217085
E-mail : cs-bihar@nic.in

22/11/21

पत्रांक–11 / विविध–10–02 / 2020 6663 /

सेवा में,

सभी अपर मुख्य सचिव,
सभी प्रधान सचिव,
सभी सचिव,
सभी प्रमण्डलीय आयुक्त,
सभी जिला पदाधिकारी,
बिहार।

पटना, दिनांक 22.11.2021

विषयः– नशा मुक्ति दिवस 26 नवम्बर, 2021 के अवसर पर सभी कर्मियों को मद्यनिषेध का शपथ दिलाने के संबंध में।

महाशय,

मद्यनिषेध के प्रति चेतना जागृत करने हेतु वर्ष 2016 में राज्य सरकार के सभी कर्मियों को इस आशय का शपथ दिलाया गया था कि वे आजीवन शराब का सेवन नही करेंगे और दूसरे को भी शराब सेवन के लिए प्रेरित नहीं करेंगे। माननीय मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में दिनांक 16.11.2021 को मद्यनिषेध की समीक्षा बैठक में सहमति बनी है कि राज्य सरकार के सभी कर्मियों को मद्यनिषेध के प्रति उस चेतना को संचारित करने हेतु पुनः नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर शपथ दिलाई जाय। सुलभ संदर्भ हेतु शपथ पत्र की प्रति संलग्न है।

अतः अनुरोध है कि नियंत्रणाधीन सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को नशा मुक्ति दिवस 26 नवम्बर 2021 के अवसर पर पूर्वाह्न 11:00 बजे कार्यालय प्रांगण में शपथ दिलाई जाय और एतद् संबंधित प्रतिवेदन मद्यनिषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन

22/11/21
(त्रिपुरारि शरण)
मुख्य सचिव, बिहार

## शपथ पत्र

मै ........................................................................................ (नाम एवं पदनाम)

आज दिनांक ............................. को (प्रतिष्ठान का नाम जहाँ शपथ ली जा रही है) के प्रांगण में सत्यनिष्ठा के साथ यह शपथ लेता/लेती हूँ कि मै आजीवन शराब का सेवन नहीं करूँगा/करूँगी। मै कर्त्तव्य पर उपस्थित रहूँ अथवा न रहूँ अपने दैनिक जीवन में भी शराब से संबंधित गतिविधियों में किसी प्रकार से शामिल नहीं होउँगा/होउँगी। शराबबन्दी को लागू करने के लिए जो भी विधि–सम्मत कार्रवाई अपेक्षित है, उसे करूँगा/करूँगी। यदि शराब से संबंधित किसी भी गतिविधि में शामिल पाया जाउँगा/जाउँगी तो नियमानुसार कठोर कार्रवाई का/की भागीदार बनूँगा/बनूँगी।

तिथि :–

स्थान :–

पदाधिकारी/कर्मी का नाम :–

पदनाम :– हस्ताक्षर

विभाग का नाम :–

पदस्थापन कार्यालय :–

सम्पर्क नम्बर :–

प्रतिष्ठान के प्रभारी का प्रमाण पत्र

मेरे समक्ष शपथ ली गयी।

हस्ताक्षर

मुहर

पत्रांक–11/विविध –10–02/2018 6679

बिहार सरकार

## मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग

प्रेषक,

के० के० पाठक
अपर मुख्य सचिव,
बिहार, पटना।

सेवा में,

सभी अपर मुख्य सचिव,
सभी प्रधान सचिव,
सभी सचिव,
सभी प्रमंडलीय आयुक्त,
सभी जिला पदाधिकारी,
बिहार।

पटना, दिनांक 29-11-21

विषयः– नशा मुक्ति दिवस 26 नवम्बर, 2021 के अवसर पर सभी कर्मियों को मद्यनिषेध का शपथ दिलाने के संबंध में।

प्रसंगः– पत्रांक 6663 दिनांक 22.11.2021

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के क्रम में कहना है कि पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा शपथ पत्र एवं उसका अभिलेख संधारण निम्न के अनुसार किया जाएगा –

1. मुख्यालय स्तर, प्रमंडल स्तर एवं जिला स्तर पर पदाधिकारियों एवं कर्मियों का शपथ पत्र समारोह की वीडियोग्राफी करायी जायेगी।
2. शपथ पत्र विहित प्रपत्र में हस्ताक्षरित करते हुए कार्यालय प्रधान को समर्पित किया जायेगा।
3. अनुमंडल स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मियों का शपथ पत्र प्रतिवेदन जिला स्तर पर संबंधित विभाग के पदाधिकारी को प्रेषित किया जायेगा।
4. जिला स्तर के सभी विभाग के कार्यालय प्रधान क्षेत्रीय कार्यालयों से प्राप्त प्रतिवेदन एवं अपने कार्यालय के प्रतिवेदन का आँकड़ा संकलित कर जिला पदाधिकारी को समर्पित किया जायेगा।
5. सभी जिला पदाधिकारी जिला से संबंधित सभी विभागों के कर्मियों का समेकित आँकड़ा का प्रतिवेदन मद्यनिषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग को एक सप्ताह के अंदर उपलब्ध करा दिया जायेगा।
6. सचिवालय, निदेशालय स्तर के कार्यालयों का समेकित प्रतिवेदन मद्यनिषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग को एक सप्ताह के अंदर उपलब्ध करा दिया जायेगा।
7. पदाधिकारियों एवं कर्मियों का हस्ताक्षरित शपथ पत्र एवं वीडियोग्राफी का रिकॉर्ड संबंधित कार्यालय में संरक्षित रखा जायेगा।
8. जिन पदाधिकारियों एवं कर्मियों का 26 नवम्बर, 2021 को किसी कारणवश शपथ पत्र प्राप्त नहीं हो सका है उनसे एक सप्ताह के अंदर प्राप्त कर उसे अलग से प्रतिवेदित किया जायेगा।

अतः अनुरोध है कि उपरोक्त के अनुसार शपथ पत्र प्राप्त करने एवं प्रतिवेदित करने की कार्रवाई करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन

(के० के० पाठक)
अपर मुख्य सचिव,
बिहार, पटना।